### उपयंत्री अपने चहेते सप्लायरों के नाम पर करवा रहे मनमाना भुगतान

# मनरेगा के सरोबर तालाबों में तकनीकी अधिकारियों के संरक्षण में हो रहा है फर्जीवाड़ा!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों पर या तो अधिकारियों का नियंत्रण नहीं है या पंचायत सचिवों को खुला संरक्षण जिला पंचायत तक ने दे रखा है क्योंकि हर ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना सहित सभी होने वाले निर्माण कार्यों के नाम पर खुली लूट मची हुई है। लाखों के काम को हजारों रुपए में पूरा दर्शाकर लाखों रुपए निकाले जा रहे हैं। किसी भी ग्राम पंचायत में खुला भ्रष्टाचार निर्माण स्थल पर देखा जा सकता है। निर्माण कार्यों को सत्यापित करने वाले उप यंत्री इस भ्रष्टाचार की धुरी है जिनके तकनीकी मार्गदर्शन में भ्रष्टाचार किया जा जाता है। ऐसा ही एक उदाहरण इन दिनों तामिया से लगी ग्राम पंचायत बिजोरी जहां पर सरपंच सचिव पर अघोषित रूप से अनैतिक दवाओं बनाकर अधिकारियों के चहेते ठेकेदारी कर रहे हैं। यदि इसकी वानगी देखना है तो इसी ग्राम पंचायत के ग्राम राजथरी के बेड़ा ढाना में मोहन एवं तुकाराम के खेत के पास परकुलेशन टैंक बनाया जा रहा है जिसमें उपयंत्री और अघोषित ठेकेदार द्वारा इस पर्कोलेशन टैंक को तालाब बतला कर इसमें बड़ा फर्जी बाड़ा करने की फिराक में है क्योंकि जब कोई भी निस्तारी तालाब बनाया जाता है तो उसके स्थल चयन यह साथ साथ कैचमेंट एरिया के अलावा जल भराव के लिए बेसिन पर गौर किया जाता है, साथ ही उसके लिए बेस्ट बियर कम से कम 10 मीटर चौड़ा बनाया जाता है लेकिन इस पर्कोलेशन टैंक नजर आने वाले तालाब में मनरेगा के अधिकारियों की भ्रष्टाचार करने की मंशा साफ नजर आ रही है। बिजोरी पंचायत में बन रहे इस टैंक को तालाब दर्शाकर राशि निकालने से रोका जा सकता है क्योंकि प्राप्त जानकारी के अनुसार इसमें अभी तक मजदूरों का भुगतान हुआ है तो तकनीकी दल को निरीक्षण कर भ्रष्टाचार को रोकने आगे आना होगा, लेकिन ऐसी उम्मीद ना के बराबर है। क्योंकि ग्राम पंचायत का प्रस्ताव उपयंत्री का प्राकलन (टीएस) सहायक यंत्री की तकनीकी स्वीकृति मनरेगा के सहायक कार्यक्रम अधिकारी की जियो टैगिंग रोजगार सहायक द्वारा मजदूरों का मस्टर इतनी सारी प्रक्रिया के बाद निर्माण शुरू होता है। लेकिन इस टैंक में जब उल्लेखित तकनीकी अमला फर्जी बाड़ा करने पर उतारू हो तो क्या तकनीकी मापदंड स्थल चयन सब बेमानी साबित हो रहे हैं जो इस पर्कोलेशन टैंक में किया जा रहा है। पहली नजर में ही कहीं से भी ये तालाब नजर नहीं आता है। फिर भी इस पर्कोलेशन टैंक को तालाब का नाम देकर खुला भ्रष्टाचार किया जा की योजना है इसका प्रत्यक्ष उदाहरण यह भी है कि इस निर्माण कार्य पर लगने वाला मनरेगा योजना का कोई शिलालेख इसलिए नहीं लगाया गया है। इसका मूल कारण है कि कहीं लोगों को इस टैंक की जानकारी ना मिल सके। इसलिए शिलालेख नहीं लगाया जाना भी इस भ्रष्टाचार के साक्ष्य के रूप में देखा जा सकता है। इस तरह बिजोरी ग्राम पंचायत में होने वाले इस भ्रष्टाचार को यदि अधिकारी चाहे तो रोक सकते हैं, लेकिन ऐसा करेगा कौन यह बड़ा सबाल खड़ा हो गया है।

## खबर प्रकाशन के बाद पंचायत ने हटवाये कबाड़ में पड़े डस्टबिन

खबर का असर

**तामिया।** तामिया ग्राम पंचायत में पदस्थ रहे तत्कालीन सचिव का विवादों एवं भ्रष्टाचार से गहरा नाता रहा है, इनकी विवादित कार्य प्रणाली के कारण पंचायत हमेशा विवादों में रही। ग्राम पंचायत के द्वारा हमेशा जन विरोधी कार्य प्रणाली अपनाई गई। प्रधानमंत्री की स्वच्छ भारत मिशन योजना का पूर्व सचिवों के बेहतरीन क्रियान्वयन के चलते तामिया को स्वच्छ बनाए रखा। इस कारण इस ग्राम पंचायत को ओडीएफ का तमगा हसिल हुआ था, लेकिन डोब ग्राम पंचायत सचिव को जब प्रभार मिला तब से स्वच्छ भारत मिशन की अनदेखी होती चली आ रही है और तामिया में जगह-जगह गंदगी पसरी पड़ी देखी जा सकती है। वहीं सार्वजनिक स्थान एवं शालाओं आंगनबाड़ियों में स्वच्छता की दृष्टि से डस्टबिन स्टैंड सहित टांगे गए थे, लेकिन पंचायत सचिव की लापरवाही से इक्का-दुक्का जगह छोड़कर यह डस्टबिन कहीं नजर नहीं आते हैं। इस कारण इन स्थानों पर भी कचरा सचिव की लापरवाही से फैलता था। अब हरिभूमि न्यूज पेपर में समाचार प्रकाशन के उपरांत पंचायत ने कबाड़ में तब्दील डस्टबिन हटा लिए है।




### ग्रामीण जनों से न्यायालय में चल रहे मामलों की जानकारी ली

## घरेलू हिंसा अधिनियम से अवगत हुई जिले की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से संचालित योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने एवं योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो इस हेतु सुशांत हुद्दार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन मे विधिक जागरूकता कार्यक्रम छिंदवाडा विकास खंड के ,ग्राम रोहना कला मे किया गया।

इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश सिंह ने उपस्थित जनो को वृद्ध जनो मिलने वाली न्यायिक सेवा ओर अधिकारो की जानकारी के साथ महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 क्या हे ,हिंसा किसे कहते हे , पारीवारिक विवाद के मामलो मे मध्यस्थता करना, निशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना ,भरण पोषण की जानकारी दी , महिलाओं के लिए बने कानून उनके अधिकारों से अवगत कराया वही पंचायत मे इये जरूरत मंदो की न्यायालय से सम्बंधित मामलो को सुनकर उन्हे उचित सलाह दिया गया ताकी हितग्राही भ्रमित ना हो पाये, अधिक जानकारी के लिए नालसा टोल फ्री नम्बर 15100 पर भी जानकारी ली जा सकती हे ।

इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्यामल राव ने जरूरतमंद लोगों को विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं में पारिवारिक विवाद के मामलो का न्यायालय मे चल रहे मामलो का मध्यस्थता के माध्यम से शुलभ तरीके हल निकाला जाता है।

### जिले में अभी तक 783.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 783.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 981.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिला 24 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 5.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 24 अगस्त 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील छिंदवाड़ा में 3.4, मोहखेड़ में 0.1, तामिया में 06, अमरवाड़ा में 1.2, चौरई में 01, हर्रई में 20, बिछुआ में 2.26, परासिया में 5.1, जुन्नारदेव में 14.2 और उमरेठ में 5.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 665.4, मोहखेड़ 768.5, तामिया में 864, अमरवाड़ा में 802, चौरई में 732, हर्रई में 1107.7, बिछुआ में 742.8, परासिया में 616.6, जुन्नारदेव में 791.8, चांद में 809.9 और उमरेठ में 755.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### जेल में किया गया मासिक बंदी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** जिला जेल छिंदवाड़ा में गत दिवस शासकीय जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा के चिकित्सकों के द्वारा मासिक बंदी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 164 बंदी पुरुष एवं 11 बंदी महिला को उपचार उपरांत दवाएं वितरण की गई।

## जिले के प्रतिभावान छात्रों के दल ने बेंगलुरु में किया तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश व संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग के कार्यक्रम के अनुसार जिला कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल के मार्गदर्शन में जिले के प्रतिभावन छात्रों के दल ने बेंगलुरु में उच्च शैक्षणिक संस्थानों जैसे इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया संग्रहालय, इस्कोन मंदिर, टीपू सुल्तान महल, बेंगलुरु पैलेस, एंसीएन्ट रॉक का तीन दिवसीय भ्रमण किया । भ्रमण में प्रभारी मार्गदर्शक का दायित्व राज्यपाल पुरुस्कृत शिक्षक श्री राकेश कुमार मालवीय व टेबिल टेनिस खिलाड़ी श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास ने निभाया। छात्रों ने सफलता की कहानी बताई व धन्यवाद दिया।

### सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध निकाली जागरूकता रैली



**छिंदवाड़ा।** महापौर विक्रम अहके एवं आयुक्त सी.पी. राय के निर्देशानुसार सिद्धि विनायक वेस्ट मैनेजमेंट टीम एवं स्वच्छता ब्राण्ड एम्बेसेडर द्वारा प्रताप शाला छात्रावास स्कूल में विद्यार्थियों के साथ "संडे-फनडे, स्वच्छता के संग" विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक 4 कलर-कोडेड बिन्स (गीला, सूखा, सैनिटरी एवं हानिकारक कचरा) पर आधारित खेल खेला, जिससे उन्हें कचरे का सही पृथक्करण करने की जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों ने मार्केट एरिया में "सिंगल-यूज प्लास्टिक के विरुद्ध जागरूकता रैली" निकाली और नागरिकों से प्लास्टिक-मुक्त जीवनशैली अपनाने की अपील की। अंत में सभी विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता शपथ ली और संकल्प लिया कि वे स्वयं स्वच्छ रहकर समाज को भी स्वच्छ बनाएंगे।कार्यक्रम के उद्देश्यःविद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व समझाना4 रंग के डिब्बों से कचरा पृथक्करण की जानकारी देनासिंगल-यूज प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता फैलाना।

### अब मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहेंगे ग्रामीण

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने अपनी सांसद निधि से थांवरीकलां, बींझावाड़ा, खैरीरानी और हिवरावासुदेव में 11 लाख 75 हजार के विभिन्न निर्माण कार्यो की सौगात ग्रामीणजनों को दी है। सासंद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप अब ग्रामीण क्षेत्रों में हर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। अब कोई भी ग्रामीणजन मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा। आमजनों के लिए आयुष्मान योजना लागू की गई है, जिसमें करोड़ों लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। साथ ही लोगों के कच्चे मकान पक्के मकानों में तबदील होने से अब गांव भी शहर की तरह दिखाई दे रहे है। यह सब संभव हो सका है भाजपा सरकार आने के बाद सांसद श्री साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का भी ध्यान ग्रामीण क्षेत्रों पर अधिक है। अब किसानों को सिंचाई के लिए पानी और बिजली की पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में त्रिपल इंजन की सरकार काम कर रही है। जिसके चलतें जो विकास कार्य पिछले 50 सालों में नही हो सके वे मात्र एक वर्ष में शुरू हो गए है। सांसद श्री साहू ने अपनी सांसद निधि से जनपद पंचायत छिन्दवाड़ा की ग्राम पंचायत थांवरीकलां में कलां मंच निर्माण के लिए 2 लाख रूपयें, जनपद पंचायत चौरई की ग्राम पंचायत बींझावाड़ा में बाजार चौक से हाई सेकण्डरी स्कूल तक 100 मीटर सड़क निर्माण के लिए 3 लाख, जनपद पंचायत चौरई की ग्राम पंचायत खैरीरानी में 600 मीटर सड़क निर्माण के लिए 6 लाख एवं मोहखेड़ के ग्राम हिवरावासुदेव में टीन शेड निर्माण के लिए 75 हजार की राशि स्वीकृत की है।

## इनरव्हील क्लब ने आयोजित की इंटर स्कूल क्विज़ प्रतियोगिता

### जिला शिक्षा अधिकारी जी. एस. बघेल रहे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



रविवार के शुभ दिन पंजाब भवन नरसिंह रोड पर इनरव्हील क्लब द्वारा निधिश्री एकेडमी अनर्घ्य जैन के सहयोग से इंटर - स्कूल लेवल क्विज़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। जिसमें नगर के 12 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी जी. एस. बघेल, विशिष्ट अतिथि नगर निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन एवं पंजाबी समाज के अध्यक्ष सुनील बत्रा ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। जिनका क्लब अध्यक्ष श्वेता पाटनी घई एवं सचिव रोहिनी मेनन सहित क्लब सदस्यों ने अभिनंदन किया।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया ओर सही जवाब देकर सभी का मन जीत लिया। प्रश्नमंच का सफल संचालन अनर्घ्य जैन द्वारा किया गया।ये रहे विजेता - प्रतियोगीता में निर्मल पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान, श्री आशाराम गुरुकुल स्कूल ने द्वितीय स्थान एवं फर्स्ट स्टेप स्कूल ने तृतीय स्थान किया जिन्हें इनरव्हील क्लब ने ट्राफी मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया साथ ही सभी स्कूल के प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र सहित मेडल प्रदान कर शुभकामनाएं दी गई। पुरस्कार वितरण का मंच संचालन नीतू जुनेजा द्वारा किया गया। ज्ञानवर्धक सफल आयोजन की डीईओ श्री बघेल, विशिष्ट अतिथि श्री जैन एवं श्री बत्रा ने सराहना कर शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने सम्माननीय अतिथियों सहित सभी स्कूल के प्राचार्य, गुरुजनों एवं विद्यार्थियों सहित इनरव्हील क्लब से छिंदवाड़ा को स्वच्छ - स्वस्थ एवं सुंदर बनाने की अपील की।आयोजन को सफल बनाने में क्लब अध्यक्ष श्वेता पाटनी घई, क्लब सेक्रेट्री एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर रोहिनी मेनन,क्लब सदस्य सुदेश मक्कड़, राखी गुप्ता, मधु पाठक, दीप्ति साहू कमलेश बत्रा, सीमा गुगनानी, पूजा खंडेलवाल, चांदनी पाटनी, डॉ. प्राची चड्डा खुशी अग्रवाल, ममता सूर्यवंशी , शोभा, हिना पाटनी, डॉ. निधि जैन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### विघ्नहर्ता के आगमन की तैयारी... सज गया बाजार



**छिंदवाड़ा।** गणेशोत्सव की तैयारी चरम सीमा पर है। बाजार में उत्सव की रौनक और आकर्षक विघ्नहर्ता की मूर्तियों से बाजार सज गया है। गणपति डेकोरेशन और पूजन सामग्री की दुकानों के कारण बाजार में भीड़ बढ़ गई है।

## सहायक संचालक शिक्षा ने किया शालाओं का निरीक्षण

### जुन्नारदेव के स्कूलों का लिया जायजा, शिक्षकों को किया निर्देशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार सहायक संचालक शिक्षा श्री उमेश सातनकर द्वारा गत दिवस जिले के विकासखंड जुन्नारदेव के शासकीय कन्या शिक्षा परिसर जुन्नारदेव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुंगरिया, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमुआ, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नन्दन एवं प्राथमिक शाला कोलिया का निरीक्षण किया गया। प्राथमिक शाला कोलिया के कक्षा 3, 4 व 5 के विद्यार्थियों से अंग्रेजी, हिन्दी व गणित विषयों के बारे में जानकारी ली गई। विद्यार्थियों द्वारा अंग्रेजी व गणित भाषा के बारे में भली-भांति बताया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुंगरिया में कक्षा में साफ-सफाई नहीं पाई गई। साथ ही बरामदें में गंदगी पाई गई। इस संबंध में प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुंगरिया के उच्च अधिकारियों के निर्देशों का पालन विधिवत नहीं किये जाने पर कारण बताओ स्पष्टीकरण जारी किया जा रहा है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शालाओं में नीट/जेईई मेन्स/क्लेट की कक्षायें संचालित की जा रही है इत्यादि जानकारी विद्यार्थियों के द्वारा दी गई।

### बच्चों ने उमंग के साथ मनाया तान्हा पोला, बच्चों को मिले उपहार

## श्रीराम मंदिर गणेश चौक पोफलीवाड़ा में दिखा तान्हा पोला पर उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा





प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी परम्परागत रूप से संपन्न होने वाले पोला पर्व के दूसरे दिन रविवार को सायं 4.30 बजे तान्हा पोला का कार्यक्रम बड़े उत्साह और उमंग के साथ सैकड़ों बच्चों ने लकड़ी के घुरले बढ़िया सजाकर लाए थे कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी घुरलो का विधि विधान के साथ पूजन अर्चन श्री ऋषिकेश पोफली ने किया ।

रमेश पोफली अधिवक्ता ने बताया कि आरती और पुष्पांजली के संपन्न होने के बाद तोरण का पूजन कर विधिवत रूप से तोड़ने के बाद बच्चों ने तोरण लुट कर दौड़ प्रारंभ की काल भैरव मंदिर में हनुमान जी का टीका लगाकर वापिस बाड़े पहुंचे जहां प्रथम द्वितीय तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम पुरस्कार दिया गया और विशेष पुरस्कार चार प्रतियोगियों का सुंदर बैल सज्जा के लिए दिया गया । प्रसाद वितरण और सभी आए हुए बच्चों को बोझारा दिया गया कार्यक्रम में रमेश पोफली अधिवक्ता, सुरेश पोफली, विवेक पोफली, रोहित पोफली, विशाल पोफली, सौरभ पोफली, वेदांत पोफली, मंगेश कपाले, प्रदीप चौकसे, रामदास ढोक, चंद्रकांत चौरसिया, मिलिंद पोफली, सुशील सूर्यवंशी, मनीष नेमा, राजेश चौरे, मनोज गुप्ता, विजय गुप्ता, जय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं बच्चे उपस्थित रहे ।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय एवं शासकीय पीएम श्री महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उ.मा.विद्यालय छिंदवाड़ा में गणित एवं हिंदी विषय के शिक्षकों का प्रशिक्षण

# शिक्षक टीम वर्क की भावना से करें कार्य: श्री बघेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

लोक शिक्षण संचनालय मध्यप्रदेश भोपाल एवं समग्र शिक्षा अभियान (सेकेंडरी एजुकेशन) के अंतर्गत कक्षा दसवीं के समस्त विषयों का अध्ययन अध्यापन कराने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए प्रत्येक माह एक दिवसीय विषयवार प्रशिक्षण जिला स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस गणित एवं हिंदी विषय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा एवं शासकीय पीएम श्री महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा में आयोजित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल की उपस्थिति में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय का माहौल सुधारने के लिए शिक्षकों को टीमवर्क की भावना से कार्य करना होगा। उन्होंने शिक्षकों को आत्ममंथन के लिये पाँच प्रश्न स्वयं से करने की प्रेरणा दी— मुझे कितनी सैलरी मिलती है?, यह सैलरी किसलिए मिलती है?, क्या मैं सैलरी के अनुपात में अपनी सेवाएँ दे पा रहा हूँ?, मैं अपने कक्षा/विद्यालय को किस रूप में देखना चाहता हूँ?, इसके लिए मेरी कार्य योजना क्या है?, इसके अतिरिक्त एडीपीसी श्री गिरीश शर्मा ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तथा गणित एवं हिंदी विषय को सरल, रोचक एवं प्रभावी ढंग से पढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रशिक्षण में सहायक संचालक शिक्षा एवं उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य श्री डी.पी.डेहरिया, जिला व्यावसायिक समन्वयक डॉ.साबिर फारुकी, गणित विषय के नोडल अधिकारी श्री ए.एच.खान, प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय गुरैया तथा हिंदी विषय के नोडल अधिकारी श्री दिनेश भट्ट, प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल जवाहर कन्या छिंदवाड़ा एवं दोनों विषयों के मास्टर ट्रेनर भी उपस्थित रहे ।

## संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा प्रति शनिवार को लोगों के बुलावे पर निः शुल्क संगीतमय सुंदरकाण्ड का महापाठ किया जाता है साथ सामाजिक कार्य भी किये जाते है और ग्रुप द्वारा सुंदरकांड के साथ साथ राम नाप जाप धुन प्रभात फेरी द्वारा भी लोगो को धर्म से जोडा जाता है साथ ही ग्रुप ने रामनवमी में ऐतिहासिक रामजन्मोत्सव एवं नगर सहित संपूर्ण जिले के आसपास के साथ साथ सम्पूर्ण प्रदेश में भी अपनी एक अलग ही पहचान बनायी है । इसी क्रम में ग्रुप द्वारा पोला के पावन पर श्री अशोक महोरे जी के निजनिवास-जिला पंचायत के बाजू में,महोरे ई पंजीयन सर्विस प्रतिष्ठान, छिन्दवाड़ा,जिला छिन्दवाडा मध्यप्रदेश में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ भी किया गया। इस अवसर पर ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार,अक्षय ठाकुर,अंश पटेल,कैलाश उइके,पलक उईके,अनय कसार,प्रदीप भारती,परमजीत सिह,संतोष वंशकार,रानू साहू,वंश झरवड़े,अंकित शर्मा,शिव सिकन्दरपूरे,विक्की नोथानी,अर्जुन ठाकुर,प्रणय सातनकर,शिवांश चौधरी,दशरथ वर्मा,उमेश वंशकार,जित्तू यादव,सोनू जी,कार्तिक चौरसिया,जय चंद्रवंशी,संग्राम नागवंशी,सुंनु वंशकार,प्रवीन तिवारी,प्रशांत तिवारी,प्रतीक चोवितकर,राहुल बातरे,मैउयर गोशामी,दिलीप चौधरी,साहिल मालवीय,रनवीर मालवीय,शाहिल मालवीय,प्रहलाद पटेल,राजेश बुनकर,अर्जुन ठाकुर,दीपक यादव,पप्पू वंदेवार,बलराम वंदेवार,अतुल विश्वकर्मा,आदेश मिश्रा,दुर्गेश चंदेल,गौरव-सौरव मर्सकोले,मनोहर रघुवंशी,हर्षित साहू,नितेश नागवंशी,राहुल निर्मलकर,दिवाकर मालवीय,राम शुक्ला,अभिषेक ठाकुर,हर्षित पटेल,शिवा पटेल,शेंकी पटेल,नयन पटेल जी,चंचलेश मालवीय,एवं समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे। ग्रुप के प्रमुख अधिवक्ता शुभम कसार ने बताया कि यूट्यूब में ग्रुप के चैनल में भी लाइव प्रसारण देख सकते है ग्रुप द्वारा कई वर्षो से धर्म का प्रचार.प्रसार किया जा रहा है।

## शासकीय कॉलेज दमुआ में आयोजित हुआ मिट्टी के गणेश शिद्धि गणेश अभियान बनाने की कार्यशाला



**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं नर्मदा समग्र के संयुक्त अभियान के तहत मिट्टी के गणेश बनाने की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास ने किया।इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के समस्त सदस्य एवं छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने हाथों से मिट्टी के गणेश बनाकर “ग्रीन गणेश” का संदेश दिया। साथ ही सभी ने शपथ ली कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए सजग रहेंगे और प्रकृति को प्रदूषण से बचाने का संकल्प निभाएंगे।कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को पारंपरिक आस्था के साथ-साथ पर्यावरण मित्र पहल की प्रेरणा भी दी गई। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की सौंसर में हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से सम्बद्ध मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के अभिनव उद्घोष हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ हम सब का स्वाभिमान कार्यक्रम 1 सितंबर को आयोजित किए जाने को लेकर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय निर्देश पर जिला पांढुर्णा की बैठक रविवार को सांदीपनी शासकीय माध्यमिक विद्यालय बाजार चौक सौंसर में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेंद्र सरवरे ने की,बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ हम सब का स्वाभिमान कार्यक्रम विकास खंडो के विद्यालयों में आयोजित किया जाना है, जिसका दायित्व पदाधिकारीयों कोअलग-अलग दिया गया,साथ ही जिले के सभी शिक्षा संकुल केंद्र स्तर पर एक संयोजक तथा दो सहसंयोजक बनाए गए। बैठक में अजय ढोक, मोरेश्वर वाठ,आनंद राव धुर्वे, भरत उईके,वामन कुकडे, अमोल बोबडे, अशोक वडसकर, रूमकलाल इवनाती,गांगजी इवनाती, सुरेश ठाकरे, भाउराव धुर्वे, महेंद्र सिंह खेरड़े, बंडू वाघमारे, जय सिंह धुर्वे,,सदाशिव कोंडेकर आदि उपस्थित रहे।

# सावता चौक में हुआ तान्हा पोला पुरस्कार वितरण कार्यक्रम

## प्रथम अदिति घोडमारे, द्वितीय काव्य तादुलकर, तृतीय स्थान पर रही ट्विंकल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

रविवार को तान्हा पोला उत्सव पुरस्कार वितरण सांवता चौक में सम्पन्न हुआ,इस दौरान कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार अदिति घोड़मारे द्वितीय काव्या तांडुरकर तृतीय ट्विंकल अढाउ, चतुर्थ सरयू श्रीखंडे, पंचम रुद्रांश आमले, षष्ठम पार्थ बोड़खे को दिया गया। तान्हा पोला में मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड वरिष्ठ नागरिक नारायण टेभे, प्रदेश प्रवक्ता एड अजय धवले भाजपा नेता मोरेश्वर मर्सकोले, रामकृष्णा वाकोड़े, मंडल अध्यक्ष दर्शन झाड़े, पूर्व नगराध्यक्ष नीता नरेंद्र बोड़खे, पूर्व नपा सभापति पवन सरोदे, नपा सभापति मृणालिनी झाड़े, सुनील खंडाइत, निलीमा विजय बोडखे, मनीषा संजय भांगे, वंदना इवनाती, देवेन्द्र बाल्या गायकवाड़, मंचासीन थे। अवसर पर बोलते हुये जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहोड ने कहा कि, पोला त्यौहार किसान एवं बच्चों के लिये उत्सव होता है। दूसरे दिन छोटे-छोटे बच्चें नंदीयों को सजाकर हमारी संस्कृति के रक्षक की भूमिका में होते है। यह हमारी संस्कृति और पंरपरा धरोहर है। इसे संरक्षित रखना होगा। पोले में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा आकर्षक साज सज्जा के साथ नंदीयों को लाया गया। कार्यक्रम के दौरान अजा, अजजा छात्रावास के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतिया ने खूब तालिया बटोरी। अवसर पर खाटू श्याम मंदिर के लिए जमीन दान देनेवाले पुरुषोत्तम चिंदबाजी फसाटे का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। वृषाली बोड़खे के संचालन ने संचालन किया। आयोजन की सफलतार्थ संरक्षक सुनील बोबडे, नंदकिशोर वारोकर, सचिन फसाटे, रणधीर बोबडे, आशीष गाडगे, मनोहर बोड़खे, सौरभ अढाऊ अनंता फ़साटे, आशीष टेंभे ने प्रयास किया।

# मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ बिछुआ इकाई की कार्यकारणी गठित

**बिछुआ।** तहसील अध्यक्ष राजेन्द्र करमेले,सचिव सुरेन्द्र भानगे बने शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संघ मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की तहसील व विकासखंड स्तरीय कार्यकारिणी समिति का गठन राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय पदाधिकारी द्वारा संघ के संविधान में प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए जिला छिंदवाड़ा अंतर्गत विकासखंड/तहसील बिछुआ के निम्नांकित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्वाचन उपरांत अध्यक्ष सचिव व कोषाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है,तहसील स्तरीय कार्यकारिणी राजेन्द्र करमेले (अध्यक्ष),सुरेन्द्र भानगे (सचिव), संतोष नागरे (कोषाध्यक्ष) विकासखंड स्तरीय कार्यकारिणी- देवराव पवार (अध्यक्ष), विनोद मर्सकोले (सचिव), अनिल चौरे (कोषाध्यक्ष) विकासखंड बिछुआ के समस्त अधिकारी कर्मचारीगण द्वारा संघ में चयनित पदाधिकारियों को श्री मिश्रा सर(बीईओ),श्री दिनेश डिगरसे (बीआरसी),राजेंद्र माटे, गणेश पटेल, महेश रघुवंशी,जितेंद्र नागरे, अनिता पाटील एवं अन्य साथियों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## सुबह से सुनाई दिए घेऊन जाई रे नारबोद के उद्घोष

# कटंगी क्षेत्र में मनाई गई नारबोद



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** खेती-किसानी से जुड़े पोले पर्व के ठीक दूसरे दिन कटंगी सहित समूचे बालाघाट जिले में नारबोद का पर्व बेहद धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया. जिले में नारबोद पर्व को मिनी होली भी कहा जाता है. दरअसल, नारबोद को विसर्जित और दहन की प्रक्रिया सुबह 05 बजे से शुरू होकर सुबह 10 बजे तक पूरी हो जाती है लेकिन इस पर्व का असर पूरा दिन देखने को मिलता है जिस कारण इसे मिनी होली कहा जाता है. रविवार को नारबोद के दिन सुबह ही शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में घेऊन जाई रे नारबोद के उद्घोष सुनाई दिए. कटंगी शहर वार्ड क्रमांक 06 और 07 से परंपरागत रूप से विशाल नारबोद के पुतले शहर के भ्रमण के लिए निकाले. बाजे-गाजे के साथ नारबोद को पूरे शहर का भ्रमण करवाने के बाद सिवनी रोड़ स्थित शमशामघाट में ले जाकर दहन किया गया. इसके अलावा बड़ी संख्या में लोगों ने अपने घरों में मिट्टी की नारबोद भी बनाई जिसे नदी और तालाब में प्रवाहित किया गया. प्राचीन मान्यताओं पर आधारित नारबोद का यह पर्व गांव और नगर की सीमाओं से मौसमी बीमारियों और नकारात्मक शक्तियों को बाहर करने के लिए प्रतीकात्मक रूप से पोले के ठीक दूसरे दिन मनाया जाता है. यहीं वजह है कि जब लोग नारबोद के पुतले को गांव के बाहर लेकर जाते है तो खांसी-खोखला, ढेकल-मोंगसा घेऊन जाई रे नारबोद के नारे लगाते है. ग्रामीण इलाकों में किसान नारबोद को प्रवाहित करने या जलाने के बाद अपने खेत में गराड़ी के पेड़ की टहनियों को लाकर खेतों में लगाते है और अच्छी फसल की ईश्वर से मनोकामना करते है. इन टहनियों की पत्ती को सोना पत्ती भी कहा जाता है जिसे लेकर बच्चों से लेकर बुर्जुग घर-घर जाते है और नारबोद की बधाई देते है बदले में उन्हें भी कुछ दिया जाता है. लोक मान्यता के अनुसार, भगवान कृष्ण ने इसी दिन पूतना का वध किया था, जिससे आसुरी शक्तियों का नाश हुआ।

नारबोद के एक दिन पहले पोला पर्व मनाया जाता है. इस पर्व के दिन पशु पालक और किसान पशुधन की पूजा अर्चना करते है. गांव की सीमाओं में पशुधन बैलों को सजा धजाकर एक साथ कतारबृद्ध खड़ा किया जाता है जहां पूरा गांव इनकी पूजा अर्चना करता है. कृषि कार्य में पशुधन के महत्व और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए पोला पर्व मनाया जाता है. हालांकि अब खेती में अत्याधिक मात्रा में आधुनिक मशीनों का उपयोग होना लगा है लेकिन वर्षों से चली जा रही पोला पर्व की परंपरा आज भी बालाघाट जिले में बरकरार है. गौरतलब हो कि मूलतः महाराष्ट्र में पोला और नारबोद का पर्व मनाया जाता है लेकिन महाराष्ट्र के नागपुर, गोंदिया और तुमसर से जुड़े होने के कारण बालाघाट जिले में भी इस पर्व को बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है. प्राचीन मान्यता के अनुसार बारिश के इस मौसम में मौसमी बीमारियों व महामारी का खतरा रहता है. मौसमी बीमारियों और महामारी से गांव को बचाने के लिए लोग एक पुतला बनाकर उसे गांव से बाहर ले जाकर जला देते हैं. मान्यता अनुसार इस पर्व को असुर शक्ति पर विजय के रूप में मनाया जाता है और पूतना के पुतले को ही नारबोद कहा जाता है।

# उच्च दुग्ध उत्पादन के लक्ष्य को लेकर जिले में कृत्रिम गर्भाधान पर रिफ्रेशर प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा दिनांक 22 अगस्त 2025 को सभागृह कक्ष, कार्यालय, उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, बालाघाट में जिले के सभी विकासखंडों के पशु चिकित्सा अधिकारियों के लिए कृत्रिम गर्भाधान विषय पर रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर एवं अग्रणी बनाना तथा पशुपालकों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी उपसंचालक डॉ. एन.डी. पुरी के मार्गदर्शन में किया गया। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन पशु चिकित्सा शल्यज्ञ डा. राकेश शील एवं पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ डॉ रूपाली गजभिए द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में कृत्रिम गर्भाधान की मानक संचालन प्रक्रियाओं (Standard Operating Procedures), सीमेन हैंडलिंग तथा सेक्स सॉर्टेड सीमेन के उपयोग जैसे तकनीकी पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। इस दौरान बताया गया कि सेक्स सॉर्टेड सीमेन तकनीक के उपयोग से उच्च दुग्ध उत्पादन क्षमता वाली बछियों का जन्म सुनिश्चित किया जा सकेगा। जिससे दीर्घकालिक रूप से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होगी। विभाग द्वारा यह निर्देश भी जारी किया गया कि प्रशिक्षण प्राप्त सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में विभागीय स्टाफ, गौसेवकों एवं मैत्री कार्यकर्ताओं को भी प्रशिक्षित करें।

प्रभारी उपसंचालक डॉ. पुरी ने कहा कि “कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से पशुओं की नस्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि की संभावनाएँ अत्यधिक हैं। विभाग का लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र पशु को गुणवत्तापूर्ण सीमेन के माध्यम से कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा सुलभ कराई जाए। इसके साथ ही उन्होंने डेयरी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं वृन्दावन ग्रामों में नियमित भ्रमण कर अधिकाधिक पशुपालकों को विभागीय योजनाओं से जोड़ने के निर्देश भी दिए।

# उकवा क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया पोला पर्व



हरिभूमि न्यूज उकवा।

सदियों से चली आ रही पोलापिटोरा पर्व परंपरा को आज भी उतने ही उत्साह से मनाया जाता है पोला पर्व संस्कृतिक परंपरा और बैलों के प्रति श्रद्धा रखने वाले कृषि से जुड़े किसानों का अतिप्रिय और महत्वपूर्ण पर्व है भादो मास की अमावस्या को पढ़ने वाला यह त्यौहार मे इस दिन बैलों को नहला धुलाकर पोला पर्व में भाग लेने के लिए अच्छे से सजाया जाता है हर साल की तरह इस वर्ष भी पोला पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया ग्राम पंचायत उकवा से आरती की थाली निकाली गई जो नगर का भ्रमण करते हुए खेर माता मंदिर पहुंची यहां पर सरपंच सुश्री अनूसुईया क्षत्रीया के द्वारा माता रानी के दरबार में पूजा अर्चना की गई एवं वहां से उकवा बस्ती का भ्रमण करते हुए सूर्या मैदान पहुंची सूर्य मैदान उकवा मे बैलों को तिलक लगाकर उनकी पूजा अर्चना की गई एंव बैलो को लेकर आने वाले किसानो का भी तिलक वंदन किया गया उसके पश्चात पटाखे की आवाज होते ही बैलों को दौडाया जाता है कई साल पहले बंदूक से फायर कर बैल जोडीयो को दौड़ लगाने का संकेत दिया जाता था प्रथम आने वाले बैल जोड़ी के मालिक को पुरस्कार भी भेंट किया जाता है फिर किसानो के द्वारा बैल जोड़ी को लेकर घर-घर घुमाया जाता है जहां लोग उनकी पूजा अर्चना कर उन्हें घर में बने पकवान का भोग लगाते हैं पोला पर्व के इस पावन अवसर पर ग्राम पंचायत उकवा की सरपंच सुश्री अनुसूईया क्षत्रीयां श्री मुरली नर्सवानी अशोक उईके गोकुल क्षत्रीया पत्रकार आनंद गोदरे श्रीमती उषा गिरे रामबती उईके राजू नागेश्वर अनिल गौतम आदि गणमान्य पोला पर्व के समारोह मे सम्मिलित होकर पोलापर्व का भरपुर आनंद उठाया।

# शांति नगर किरनापुर में बच्चों ने दौड़ाए नंदी बैल



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

शांति नगर किरनापुर में पोला के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता हुई, जिसमें स्थानीय ग्रामीण बच्चों ने नंदी दौड़, सीधी दौड़, चम्मच दौड़ में जमकर हिस्सा लिया। नंदी दौड़ प्रतियोगिता में बंशी यादव प्रथम ,अंश बागडे/ अपूर्व परिमल द्वितीय ,आनर्व नगरीकर तृतीय ,सीधी दौड़ में प्रिंस सोनूले प्रथम ,अक्षत बागडे सेकेंड , शुभ बागडे तृतीय,चम्मच दौड़ में प्रिंस सोनूले प्रथम, अहवय क्षीरसागर द्वितीय, मयूर रहेकवार तृतीय, इन्हें मां स्टेशनरी व परिमल अधिवक्ता की ओर से प्रथम आने वाले बच्चों को स्कूली बैग व द्वितीय बच्चों को टिफिन सेट व थर्ड आने वाले बच्चों को कंपास बॉक्स दिया गया। तथा अन्य बच्चे जिन्होंने दौड़ में भाग लिया उन्हें पेंसिल ,रबर, कटर दिया गया।यह प्रतियोगिता निः शुल्क करवाई गई। इस कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर लल्ला सारंगपुरे, राजेश फाये ,अमित अग्रवाल, सरफराज कुरेशी, हुमेंद्र क्षीरसागर, हुकुमचंद सिल्लारे, संतोष क्षीरसागर, दीपक हारडे ,मंगल रैकवार, संतोष तिवारी ,जितेंद्र परिमल, राकेश सोनवाने की उपस्थिति में यह कार्यक्रम करवाया गया।

## विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करने के लिए मध्यप्रदेश शासन की अभिनव योजना

# अल्फा पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं का विज्ञान मंथन यात्रा में चयन



हरिभूमि न्यूज लांजी।

विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति रूचि जागृत करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन की अभिनव योजना विज्ञान मंथन यात्रा में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को देख के ख्यातिलब्ध अनुसंधान केन्द्रों व प्रयोगशालाओं में भ्रमण कराने के साथ छात्रों का सीधे वैज्ञानिकों से संवाद कराया जाता है। इसी तारतम में अल्फा पब्लिक स्कूल भानेगांव केछात्र-छात्राओं ने विज्ञान मंथन यात्रा 2025 में चयन हासिल किया है। यह योजना मध्यप्रदेश शासन द्वारा विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।

कक्षा आठवीं से चयनित छात्र-छात्राएं हैं - चहक बिसेन, नेहा लांजेवार, कुशाग्र खोबरागड़े, त्रनाली दानी, प्राची नागवंशी, माही रंगारी, पार्थ पटले, कलश्मा भगत, सांझ ठाकरे, नैन्सी मेश्राम। कक्षा नवमीं से चयनित छात्र-छात्राएं हैं - अनिकेत ठाकरे, आदर्श ठाकरे, काजल भाजिपाले, सोमिल अगासे, यश भाजिपाले, सिम्मी बनसोड़।

अल्फा पब्लिक स्कूल के संचालक श्री सेवकराम बल्ले, संस्था के प्राचार्य श्री हेमन्त कुमार बिसेन एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने चयनित छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

संस्था में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भाई बहन के प्यार का प्रतीक त्यौहार रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया गया। साथ ही कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम भी धूमधाम से मनाया गया।छात्र-छात्राओं ने कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर शाला में राधा कृष्ण के रूप अपनी भूमिका निभाई जो भारतीय संस्कृति को संजोए रखे हुए हैं।

**खबर संक्षेप**

## प्रतिभा योजना हेतु आवेदन आमंत्रित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि अनुसूचित जनजातीय कार्य विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा प्रतिभा योजना वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना का लाभ ऐसे विद्यार्थी उठा सकेंगे जिन्होंने निर्धारित पाठ्यक्रम में शासकीय संस्थाओं में प्रवेश लिया है। उन्होंने बताया कि इच्छुक अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्र विद्यार्थी अपने आवेदन पत्र एमपीटास पोर्टल के माध्यम से दिनांक 29 सितम्बर 2025 तक जमा कर सकते हैं।

# सड़क दुर्घटना में महिला की मौत बाईक सवार गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

केवलारी। नगर केवलारी से अर्जुनझिर रोड में ग्राम देवझिर निवासी राहुल बरमैया बाइक से अपने निजी कार्य हेतु केवलारी के तरफ आ रहा था, ग्राम कुम्भड़ा व देवझिर के बीच मोड के पास खेत के किनारे ग्राम कुम्भड़ा की सियाबाई पंद्रे अपनी बकरियां चरा रही।

उसी दौरान बाइक सवार राहुल ने सियाबाई को जोरदार टक्कर मारी जिससे सियाबाई की मौके



में ही मौत हो गई, वहीं दूसरी तरफ बाइक सवार राहुल भी गंभीर रूप से घायल हो गया। नगर के थाना प्रभारी एस एस रामटेक्कर ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस दलबत सहित घटनास्थल में पहुंच कर पहले गंभीर रूप से घायल पड़े राहुल को अपने ही पुलिस वाहन से केवलारी सिविल अस्पताल ईलाज हेतु रवाना कराया गया। तथा दुर्घटना में मृत महिला को दूसरे वाहन से केवलारी अस्पताल पहुंचाया। मामले को पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया।

# सिवनी पुलिस ने कांबिंग गश्त में 47 वारंटी को गिरफ्तार कर 100 निगरानी/ गुंडा बदमाश चेक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुश्री सिमाला प्रसाद (भा.पु.से.) के द्वारा दिनांक 23 अगस्त व 24 अगस्त 2025 की मध्य रात्रि में जिले के समस्त थाना -चौकी में वारंटियों तथा फरार अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु नाईट काम्बिंग ऑपरेशन आदेशित किये जाने पर आदेश के परिपालन में दिनॉक 24-08-25 की रात्रि 12 बजे से प्रातः 5 बजे तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा के नेतृत्व में समस्त थाना चौकी प्रभारी शहर एवं देहात द्वारा हमराह स्टाफ के कॉम्बिग गस्त की गयी,जिसके सार्थक परिणाम



निकले। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रभावी नाइट कांबिंग गश्त हेतु पुलिस बल को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रात्रि कांबिंग गश्त में 04 राजपत्रित अधिकारी,सभी थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी सहित 99 का पुलिस बल कांबिंग गश्त में शामिल रहा।

रात्रि कांबिंग गश्त के दौरान जिले में 06 स्थाई वारंट, 41 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए, इसके साथ ही 100 निगरानी बदमाश/गुंडा बदमाश/ सस्पेक्ट को चेक किया गया। इसके साथ ही होटल, ढाबा, लाज,धार्मिक स्थलों एवं 270 से अधिक संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई।

# हाई वोल्टेज करेंट में झुलसा आउट सोर्स विद्युत कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

जिले के अंतर्गत केवलारी विधानसभा की उप तहसील उगली में बिजली विभाग की लापरवाही का शिकार हुआ, जिसमें आनंद पिता स्व. महेंद्र दमाहे निवासी गुडरु तह. लामता जिला बालाघाट जो 22 अगष्त दिन शुक्रवार को दोपहर बाद हाई टेंशन 11 केव्ही से कनेक्ट पंप हाउस में कार्य कर रहा था, जहां पर बिजली करेंट लगने से गंभीर बुरी तरह घायल हो गया, दुर्घटना में घायल के हाथ और पीठ में करेंट तस्वीरों में स्पष्ट दिख रहा है, जिसे तुरंत ईलाज के लिये बालाघाट निजी चिकित्सालय आरोग्य अस्पताल में ले जाया गया. इस संदर्भ में उगली में पदस्थ जे ई जे. एल. धुर्वे ने बताये की उक्त घटना के समय परमिट लेकर सप्लाई बंद की गई थी, लेकीन पता नहीं कैसे सप्लाई चालू हो गई और यह हादषा हो गया, लेकीन अब काफी सुधार है, हम विभाग से जो संभव मदद होगी करेंगे, मैं उच्च अधिकारियों से बात करुंगा हमारा कर्मचारी सीघ्र स्वस्थ हो जाये यही ईश्वर से



कामना है.इस घटना में घायल को आर्थिक मदद के लिये क्यू आर कोड फोन पे में जारी किया गया है,क्योंकि घायल अपने घर का मुखिया है, और आज बिजली करेंट में बुर तरह जलने के बाद अस्पताल में जिंदगी के लिये जद्दोजहत कर रहा है. अतः जिन्हें भी मदद करना है वे घायल आनंद की निःसंकोच मदद कर सकते हैं.

# विधायक ने लखनादौन-घंसौर-रायपुर रोड की रखी मांग

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घंसौर।

विकासखंड मुख्यालय घंसौर से होकर गुजरने वाले लखनादौन व्हाया घंसौर से रायपुर मार्ग के एक्सप्रेस वे या फोरलेन उन्नयन निर्माण को लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार मांग की जा रही है जिसके फलस्वरूप शासन द्वारा मार्ग का निर्माण प्रस्तावित है। विगत 23 अगस्त को जबलपुर में निर्मित फ्लाईओवर के उद्घाटन समारोह में पधारे केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं के निर्माण को लेकर आश्वस्त कराया इस कार्यक्रम में आमंत्रित स्थानीय विधायक योगेन्द्र



सिंह बाबा ने लखनादौन विधानसभा क्षेत्र के प्रस्तावित मार्गो के संबंध में केंद्रीय मंत्री को पत्र सौंपकर महत्वपूर्ण मांगे रखी बताया गया है कि स्थानीय विधायक योगेन्द्र सिंह ने पूर्व में इस मार्ग का उन्नयन एक्सप्रेस वे के रूप में कराये जाने का प्रस्ताव रखा गया था लेकिन बाद में लखनादौन से बरघाट होकर रायपुर मार्ग को प्रोजेक्ट में शामिल कर लिया गया।

उक्त लखनादौन - घंसौर - रायपुर मार्ग के निर्माण की घोषणा फिर से की गई है इस मार्ग के निर्माण को लेकर विधायक योगेन्द्र सिंह द्वारा कुछ मांगे ज्ञापन के माध्यम से केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखी है जिनमें - क्षेत्रीय विधायक योगेंद्र सिंह बाबा ने प्रमुखता से रखी अपनी मांग माननीय श्री नितिन गडकरी जी, केन्द्रीय मंत्री जबलपुर फ्लावर उद्घाटन कार्यक्रम पर सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, विधानसभा 117 लखनादौन के अंतर्गत महत्वपूर्ण सड़क की स्वीकृति के संबंध में मेरे विधानसभा क्षेत्र क. 117-लखनादौन, जिला सिवनी अंतर्गत नीचे दर्शाए अनुसार प्रमुख मार्ग एवं फलाईओवर निर्माण आवश्यक है।

1. लखनादौन जबलपुर बाय पास से नरसिंहपुर बायपास तक रिंग रोड (खेरे-मोहगांवकला-निवारीटोला-सिरमंगनी तक रिंग रोड 6 किमी का 7 मी. चौडा मार्ग, ला.रा.22.00 करोड । 2. लखनादौन से रायपुर मार्ग (व्हाया घंसौर, मंडला रायपुर) प्रस्तावित मार्ग निर्माण । 3. लखनादौन से अमरवाडा मार्ग (व्हाया लखनादौन-आदेगांव-हर्रई-अमरवाडा 40 किमी.) मार्ग । 4. लखनादौन से मंडला मार्ग हेतु (जबलपुर बायपास से मंडला रोड में फलाईओवर निर्माण। अतः माननीय केन्द्रीय, मंत्रो महोदय से विनम्र आग्रह है कि उपरोक्तानुसार रोड स्वीकृति कराये जाने हेतु अनुशंसा सहित साद प्रेषित है।

# स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि राष्ट्र रत्न सम्मान से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरघाट।

भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना ही हमारा उद्देश्य - स्वामी स्वदेशानन्द ब्रह्म गिरि महाराज नरेन्द्र मोदी विचार मंच का दो दिवसीय परिवार समन्वय बैठक का आयोजन नरेन्द्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री दिलीप सिंह, प्रदेश अध्यक्ष ब्रजेश मिश्रा एवं राष्ट्रीय महामंत्री संजय पाण्डे के नेतृत्व में तथा नरेन्द्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि चाणक्य की अध्यक्षता में उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित की गई ।

इस बैठक में नरेन्द्र मोदी विचार मंच के 28 अनुषांगिक संगठन के



अध्यक्षों एवं राष्ट्रीय महामंत्री तथा संगठन महामंत्री ने भाग लिया। इस दो दिवसीय बैठक में 28 अनुषांगिक संगठन के अध्यक्षों एवं राष्ट्रीय महामंत्रियों के निर्णय अनुसार देश के हरेक प्रान्तों एवं विदेशों में भी भ्रमण कर भारत और नेपाल को हिन्दू राष्ट्र बनाने की आवाज को बुलंद करने वाले अंतर्राष्ट्रीय संत बौद्धिक मंच के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज को राष्ट्र रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। राष्ट्र रत्न सम्मान से सम्मानित होने पर स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज ने कहा कि जो सम्मान मुझे दिया गया है उसके लिए मै सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करता हूं। आपने कहा कि आठ माह के अन्तराल में मेरे नेतृत्व में देश के हरेक प्रदेश में तथा नेपाल , भूटान में संगठन का गठन कर संगठन को मज़बूत बनाने के लिए कार्यक्रम किए गए हैं। हम 11 एवं 12 अक्टूबर को गुजरात के गांधी नगर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हमारे प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पांड्या के नेतृत्व में एवं जनवरी माह में प्रदेश अध्यक्ष राकेश झा तथा राष्ट्रीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर-मंतर में लाखों साधु- संतों एवं बुद्धिजीवीयों को एक मंच पर लाकर भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने, गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने, साधु-संतों की सुरक्षा के लिए विशेष कानून बनाने ऐसे ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर देश व्यापी आन्दोलन करने जा रहें है। स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज ने सभी सनातनियों को एक मंच पर आने का आव्हान करते हुवे कहा कि सभी सनातनी एक मंच पर आकर हिन्दू राष्ट्र की मांग सरकार से करें। क्योंकि एक रहोगे तो ने रहोगे और बटोगे तो कटोगे अपने कहा कि हमारा उद्देश्य ही भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाना है।

# लखनादौन में परिमार्जन संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।

लखनादौन जैन धर्म के पर्व, पर्युषण पर्व के आते कुछ दिन पूर्व से ही सभी जिन मंदिरों में सभी भगवान जी की प्रतिमाओं का परिमार्जन( मंजन) संपन्न किया जाता है, उसी क्रम में आज बड़े दिगंबर जैन मंदिर में परिमार्जन का कार्य संपन्न किया गया।

जिसमें सभी भगवान जी की प्रतिमाओं को छत्र, सिंहासन ,बेदी ,और मंदिर से जुड़ी सभी चीजों का वस्तुओं का परिमार्जन संपन्न किया गया आने वाले कुछ दिन बाद जैन धर्म की सबसे बड़े पर्व , परवाधीराज पर्यूषण पर्व का शुरू हो रहे है , जो की 28 अगस्त से 6 सितम्बर , तक 10, दिन चलेंगे, इस दृष्टि से देखते हुए सभी जिन मंदिरों में परिमार्जन( मंजन) का कार्य संपन्न किया गया , ,जिसमे सभी लोगों पुण्य कार्य मै हिस्सा लिया।

# संभागीय शालेय मलखंभ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस. कुमरे के निर्देशन में संभागीय शालेय मलखंभ प्रतियोगिता जैतपुरकलां जिला सिवनी में दिनांक 22/08/24 को आयोजित की गई । जिसमें सिवनी एवं नरसिंहपुर जिले के छात्र छात्राओं द्वारा अपने खेल का प्रदर्शन किया गया ।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरीकलां के प्राचार्य श्री संजय वहाने के मार्गदर्शन, टीम मैनेजर कोमल गढ़पाल एवं कोच जमीरून निशा अंसारी के नेतृत्व में शाला के छात्रों का दल जैतपुरकलां के लिए रवाना हुआ । प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने उमदा प्रदर्शन किया । तदोपरांत वीर गाड़ेश्वर,हर्ष मानेश्वर,अंश मानेश्वर का स्टेट के लिए शलेक्शन हुआ जिला खेल प्रबंधन द्वारा छात्रों को खेल कीट प्रदान की गई ।

इस उपलब्धि पर शाला के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों द्वारा टीम मैनेजर कोमल गढ़पाल,कोच श्रीमती जमीरूननिशा अंसारी के साथ छात्रों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त कर छात्रों को बधाई प्रेषित कर उज्वल भविष्य की कामना की गई ज्ञात हो कि मलखंभ की स्टेट स्तरीय प्रतियोगिता उज्जैन में होना बताया गया, तत्संबंधी जिला शिक्षा अधिकारी जिला सिवनी द्वारा तिथि व स्थान हेतु पृथक से सूचना दी जाएगी।

# स्पेशल ट्रेन से श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के दर्शन कर उत्साह और भक्तिभाव से सिवनी लौट



### सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय 'मुनमुन द्वारा स्वयं के व्यय पर बुक कराई गई स्पेशल ट्रेन से श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के दर्शन कर उत्साह और भक्तिभाव से सिवनी लौट आए।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रभु श्रीराम मंदिर अयोध्या दर्शन हेतु श्रद्धालुओं की यात्रा यह



धार्मिक यात्रा 21 अगस्त को प्रारंभ हुई थी, जिसमें लगभग एक हजार रामभक्तों ने सहभागिता की। तीन दिवसीय इस यात्रा का उद्देश्य अयोध्या धाम पहुँचकर प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर और पवित्र स्थलों का दर्शन करना था। विधायक दिनेश राय मुनमुन अपने परिवार सहित स्वयं यात्रा में सम्मिलित रहे और सभी दर्शनार्थियों की व्यवस्थाओं का ध्यान रखा। भोजन, जलपान, चाय एवं ठहरने की सुविधा से लेकर यात्रा को भक्तिमय बनाने के लिए भजन मंडलियों की व्यवस्था तक की गई थी। श्रद्धालुओं ने कहा कि यह यात्रा केवल दर्शन का साधन नहीं रही बल्कि जीवनभर याद रहने वाला भावनात्मक अनुभव रही। सरयू नदी में स्नान, हनुमान गढ़ी सहित अनेक ऐतिहासिक मंदिरों के दर्शन ने सभी का मन भावविभोर कर दिया। यात्रा के समापन पर श्रद्धालुओं ने विधायक दिनेश राय मुनमुन का आभार व्यक्त करते हुए कहा किउन्होंने जो माहौल और सुविधाएँ उपलब्ध कराईं, वह किसी निजी यात्रा में संभव नहीं हो पाती। विधायक ने भी समस्त श्रद्धालुओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि -वह आगे भी क्षेत्रवासियों को इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक अवसरों से जोड़ते रहेंगे।

# अच्छे कार्यों में विघ्न आते हैं-श्री भावसागर जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर सिवनी में विराजमान महा समाधिधारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित एवं परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज, परम पूज्य मुनि श्री भाव सागर जी महाराज के सान्निध्य में 21अगस्त 2025 को , प्रातः काल की बेला में मांगलिक क्रियाएं की गई , आचार्य श्री की पूजन की गई, चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, शास्त्र अर्पण किए गए, इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भावसागर जी महाराज ने कहा कि धर्म को सुरक्षित करने के लिए एक संतान समर्पित करना चाहिए जो धर्म की रक्षा कर सके, अच्छे कार्यों में विघ्न आते हैं, बच्चों को अच्छे संस्कार देना चाहिए जिससे वह धार्मिक क्रियाएं अच्छे ढंग से कर सकें, बच्चों को अर्निंग, लर्निंग, रिटर्निंग की शिक्षा देना चाहिए, यदि श्रावण में श्रवण नहीं खुले, भाद्रपद में भी हम अभद्र बने रहे तो कुंवार में कोरे ही रह जाएंगे, दशलक्षण पर्व विलक्षण महापर्व है जो जीवन के आंगन को भर देता है, इस पर्व को मनुष्यता का महोत्सव कहा गया है, इसकी शक्ति अनंत होती है, यह पवित्रताओं निर्मलताओं की आहुति का पर्व है, यह सार्वभौमिक पर्व है, इस पर्व में जीवन जीने की कला सिखाई जाती है, जो इन 10 धर्म को अपनाता है उसका कल्याण हो जाता है, यह अनादि शाश्वत पर्व है।

## महर्षि वाल्मीकि प्रोत्साहन योजना हेतु आवेदन आमंत्रित

सिवनी। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि अनुसूचित जाति विकास विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए महर्षि वाल्मीकि प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत पात्र अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थी अपने आवेदन पत्र 30 अगस्त 2025 तक सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य, सिवनी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में नीट 2025 परीक्षा का परिणाम घोषित हो चुका है। योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति वर्ग के योग्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करना है।

### आदि कर्मयोगी अभियान का ओरियंटेशन एवं प्रशिक्षण

# कलेक्टर जैन ने अधिकारियों को दायित्व निभाने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय पर आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिला अधिकारियों का ओरियंटेशन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस ओरियंटेशन में विभागीय अधिकारियों को अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु उनके दायित्वों से अवगत कराया गया।

कलेक्टर सुश्री जैन ने कहा कि यह अभियान शासन की संवेदनशीलता और जनता की अपेक्षाओं को जोड़ने वाली कड़ी है। इसका मुख्य उद्देश्य



गाँवों में विकास योजनाओं को सामूहिक जनभागीदारी से लागू कर लोगों को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अभियान को मिशन मोड में लेकर कार्य करें और जनता से सीधा संवाद स्थापित करें।

अभियान के अंतर्गत गाँवों में आदि सेवा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों पर ग्रामीण अपनी स्थानीय समस्याएँ दर्ज कर सकेंगे और संबंधित विभागीय अधिकारी समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में कार्य करेंगे। इसमें जल स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास और वन विभाग के अधिकारी नियमित रूप से शामिल होंगे।

कलेक्टर ने बताया कि गाँवों में आवास, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएँ, पोषण की देखभाल, शिक्षा और परिवहन जैसी सुविधाएँ विस्तारपूर्वक उपलब्ध कराई जाएँगी। साथ ही बिजली, सामुदायिक और धार्मिक स्थल, अपशिष्ट प्रबंधन, कृषि सहयोग और मनोरंजन संबंधी सुविधाएँ भी अभियान में प्राथमिकता से जोड़ी जाएँगी।

जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त ने जानकारी दी कि ई-दक्ष केंद्र बिंझावाडा में तीन दिवसीय प्रशिक्षण 22 से 24 अगस्त तक आयोजित है। इसमें मास्टर ट्रेनर्स और ब्लॉक स्तरीय ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्हें अभियान की रणनीति, क्रियान्वयन की प्रक्रिया और फील्ड में कार्य करने के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी जा रही है।

ओरियंटेशन सत्र में जिला स्तर के सभी विभागीय अधिकारियों को उनके कार्यक्षेत्र और दायित्वों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें यह भी निर्देशित किया गया कि अभियान के दौरान प्रत्येक अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को सेवा भाव, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ निभाएँ। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ नवजीवन विजय,सभी एसडीएम, विभिन्न जनपद पंचायतों के सीईओ, तथा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# भारतीय डाक विभाग की दीन दयाल स्पर्श योजना हेतु आवेदन आमंत्रित

**सिवनी।** अधीक्षक डाकघर बालाघाट संभाग ने जानकारी देकर बताया कि भारतीय डाक विभाग द्वारा फिलैटली छात्रवृत्ति योजना दीन दयाल स्पर्श योजना वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह योजना कक्षा 6 से 9 तक के विद्यार्थियों के लिए है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक कक्षा से 10-10 विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें 6000 प्रतिवर्ष की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना में वही विद्यार्थी पात्र होंगे जो विद्यालय के फिलैटली क्लब के सदस्य हों अथवा डाकघर में सक्रिय फिलैटली जमा खाता रखते हों। साथ ही पिछली वार्षिक परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक (अनुसूचित जाति/जनजाति विद्यार्थियों हेतु 5 प्रतिशत छूट) होना आवश्यक है। चयन प्रक्रिया दो चरणों में होगी। प्रथम चरण के अंतर्गत 28 सितंबर 2025 को लिखित क्विज परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें 50 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। दूसरे चरण में चयनित विद्यार्थियों को 9 नवम्बर 2025 तक फिलैटली प्रोजेक्ट प्रस्तुत करना होगा।योजना का लाभ लने के लिए आवेदन पत्र नजदीकी डाकघर से प्राप्त कर भरे हुए आवेदन 15 सितम्बर 2025 को सायं 4 बजे तक संबंधित प्रवर अधीक्षक/अधीक्षक डाकघर को रजिस्टर्ड अथवा स्पीड पोस्ट से भेजे जा सकते हैं। विस्तृत जानकारी भारतीय डाक विभाग की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

## नगर परिषद लांजी में महाभारत : कौन होगा विजयी, किसे मिलेगी हताशा?

# पार्टी संगठन में पड़ी फूट, अध्यक्ष और पार्षदों के बीच खाई गहराई

हरिभूमि न्यूज लांजी।

नगर परिषद लांजी में एक बार फि र महाभारत जैसी स्थिति देखने को मिल रही है। अध्यक्ष रेखा कालबेले के खिलाफ 12 पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव जाहिर किया है। यह पहली बार नहीं है जब नगर परिषद लांजी में अध्यक्ष और पार्षदों के बीच खाई गहराई हो। नगर परिषद लांजी का इतिहास देखा जाए तो यहां के अध्यक्ष और पार्षदों के बीच खाई गहराई होना आम बात है। पहले अध्यक्ष वनिता युगेश रामटेक्कर, फिर मीरा'आई समरीते के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव आए थे। अब रेखा कालबेले के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया है। वहीं देखा जाए तो नगर परिषद लांजी की राजनीति महाभारत की याद दिलाती है। जहां पांडवों और कौरवों के बीच युद्ध हुआ था, वहीं नगर परिषद लांजी में अध्यक्ष और पार्षदों के बीच युद्ध जैसी स्थिति है। अध्यक्ष रेखा कालबेले के सारथी बने पार्षद अब उनके ही खिलाफ खड़े हो गए हैं। नगर परिषद लांजी में अविश्वास प्रस्ताव के बाद पार्टी संगठन में फू ट पड़ गई है। वरिष्ठ नेताओं के बीच पशोपेश की स्थिति है। आखिर किसका साथ दें पार्षदों का या अध्यक्ष का। यह सवाल वरिष्ठ नेताओं के लिए बड़ी चुनौती है। दूसरी ओर नगरवासियों के लिये भी नगर परिषद लांजी में चल रही उथल पुथल को देखते हुए सवाल उमड़ रहे है आखिर ऐसी क्या बात हो जाती है जो नगर परिषद लांजी




के तीनो ही कार्यकाल में पार्षदों को असंतुष्टि होने लगती है, लगातार तीनो कार्यकाल में अध्यक्ष और पार्षदों के बीच खाई क्यों गहराने लगती है? जनचर्चा में लोगों का यह भी कहना है की नगर परिषद लांजी में भाजपा का फूल खिलने के बाद उसे सींचने वाले ही उसे उखाड़ फेंकने के लिये आतुर हैं।

### मान मनौव्वल से नहीं बनेगी बात, इस्तीफे पर अड़े पार्षद

नाराज पार्षदों का कहना है कि अध्यक्ष अपना इस्तीफा दें, मान मनौव्वल से बात नहीं बनने वाली, ऐसे में देखा जा रहा है कि क्षेत्रिय विधायक का सामंजस्य बिठाने के लिये दिया गया बयान भी पार्षदों की जिद के आगे बौना साबित हो रहा है। बतादें की एक दिन पूर्व ही विधायक राजकुमार कराहे ने कहा कि संगठन अपने आप में मजबूत कड़ी है और परिषद की सत्ता यथावत रहेगी। उन्होंने बताया कि पार्षदों की शिकायतें समय-समय पर सुनी जाती रही हैं और समाधान का प्रयास लगातार जारी है।

जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे, सांसद भारती पारधी व अन्य नेतृत्व परिषद की स्थिरता बनाए रखने के लिए प्रयासरत हैं। विधायक ने विश्वास जताया कि अध्यक्ष और पार्षदों के बीच सामंजस्य स्थापित होगा तथा भाजपा की सत्ता पर कोई संकट नहीं आएगा।

## पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ की कार्रवाई

# 2 लाख रुपए से अधिक कीमत की देशी और अंग्रेजी शराब जब्त, दो आरोपी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने 2 लाख रुपए से अधिक कीमत की 244 लीटर देशी और अंग्रेजी शराब जब्त की। दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

चांगोटोला में बालाघाट-नैनपुर राज्यमार्ग पर थाना प्रभारी शशांक राणा की टीम ने एक कार से 1.14 लाख रुपए की अंग्रेजी शराब बरामद की। कार सवार आरोपी पुलिस को देखकर भाग निकला। पुलिस ने कार और शराब जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

लालबर्रा पुलिस ने 20 वर्षीय विवेक उर्फ राजा को मोटरसाइकिल से 60 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब के साथ पकड़ा। बरामद शराब की कीमत 50 हजार रुपए है।

ग्रामीण थाना क्षेत्र में गर्रा निवासी



25 वर्षीय नीली उर्फ नीलेश को 46,400 रुपए कीमत की 307 पाव देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी अमित अग्रवाल के अनुसार, नीलेश एक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ कोतवाली थाने में 10, ग्रामीण थाने में 3 और गोंदिया में बाइक चोरी का मामला दर्ज है। अब वह अवैध शराब बेचने का काम कर रहा था।

## गुरूद्धारे में की गई अरदास और शबद कीर्तन, भक्तो ने चखा लंगर

# गुरूग्रंथ साहिब जी का मनाया गया प्रकाश पर्व

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

24 अगस्त को गुरूद्धारा में गुरूग्रंथ साहिबजी का प्रकाश पर्व श्रद्धाभाव से मनाया गया। प्रकाश पर्व पर गुरूद्धारे में धार्मिक कार्यक्रमो में हैदराबाद से आए रागी जत्था भाई साहब भाई प्रेमसिंह और बालाघाट के हजुरी जत्था भाई साहब भाई मनप्रीतसिंह ने शबद कीर्तन किया। साथ ही गुरूद्धारे में अरदास से विश्वशांति की कामना की गई।

श्री गुरूद्धारा गुरूसिंघ सभा जिलाध्यक्ष हीरासिंघ भाटिया ने बताया कि गुरूग्रंथ साहिब में संत कबिरदासजी, संत रविदासजी, संत नामदेवजी सहित मुस्लिम पीरो और सिक्ख गुरूओं की वाणी दर्ज है। गुरूग्रंथ, सिक्ख समाज के लिए ज्योति स्वरूप है। सिक्ख धर्मावलंबियों के लिए जरूरी है कि वे, गुरूग्रंथ साहिब में बताए गए



मार्गो पर चले। उन्होंने बताया कि प्रकाश पर्व पर श्री अखंड पाठ साहिब की सेवा राजेश कुमार, यश कुमार गांधी परिवार की ओर की गई। प्रकाश पर्व पर गुरूद्धारे में अरदास और शबद कीर्तन के साथ ही भक्तो के लिए लंगर का आयोजन, खालसा सेवादल परिवार और हरभजनसिंह गांधी परिवार की ओर से किया गया।

प्रकाश पर्व पर प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष हीरासिंघ भाटिया, उपाध्यक्ष हरमिंदरसिंघ अतालिया, नरेन्द्रसिंघ छाबड़ा, गुरूदयालसिंघ भाटिया, महेन्द्रपालसिंघ गांधी, गुरदीपसिंघ सौंधी, मनमीतसिंघ पसरिचा, हरमिंदरसिंघ कैथ, जसमीतसिंघ छाबड़ा, राज गांधी, अमरजीत कौर अतालिया, शीतल पसरिचा, महेन्दर कौर सचदेवा, दर्शन कौर, हरभजनसिंघ गांधी, पूरनसिंघ भाटिया, सतनामसिंघ सलूजा, गुरूदयालसिंघ सौंधी, दिलीप कौर छाबड़ा, परमजीत कौर गांधी, दर्शनसिंघ ढिल्लो, प्रितपालसिंघ सौंधी, जितेन्द्र गांधी, राजेश गांधी, अमरकिसिंघ सौंधी सहित खालसा सेवादल के साथी मौजूद रहे।

# जिले के 19 हजार 316 किसानों को वितरित किए गए मृदा कार्ड

### विकासखंड स्तरीय मिट्टी परीक्षण प्रयोगशालाओं के प्रारंभ होने से किसानों को मिल रहा लाभ

**बालाघाट।** जिले में किसानों की फसल का उत्पादन बढ़ाने एवं मृदा स्वास्थ्य को सुधारने के लिये कृषि विभाग द्वारा संचालित सभी विकासखंड स्तरीय प्रयोगशालाओं में मृदा नमूनों के विश्लेषण का कार्य निरंतर किया जा रहा है। पूर्व में जिले में एक मात्र मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला होने से जिले के किसानों को जिला मुख्यालय में स्थापित मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में अपने खेत का मिट्टी नमूना कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से भिजवाना होता था। चूंकि एक मात्र प्रयोगशाला होने से सम्पूर्ण जिले के मृदा नमूनो की जाँच करने में विलंब होत था। किंतु वर्तमान मे माह मार्च से जिले के सभी विकासखंड की मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएँ कृषि विभाग द्वारा युवा उद्यमियों एवं कृषि क्षेत्र में कार्य कर रही संस्थाओं के माध्यम से प्रारंभ की जा चुकी है।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि इन प्रयोगशालाओं के प्रारंभ होने से किसानो को मिट्टी नमूना विश्लेषण रिपोर्ट जल्दी प्राप्त हो जाती है, जिससे कृषक अपने खेत मे प्रयोगशाला द्वारा दी गयी उर्वरक अनुशंशा के आधार पर अपनी फसल मे उर्वरकों का उपयोग करता है। अनुशंशित उर्वरकों के उपयोग से किसान को उसकी फसल का उत्पादन अधिक से अधिक मिलता है एवं मिट्टी का संतुलन भी बना रहता है तथा किसान के पैसो की भी बचत होती है।

विकासखंडस्तरीय प्रयोगशालाओं का कार्य मार्च माह 2025 में प्रारंभ हो गया है। इससे किसान स्वयं प्रयोगशाला जाकर अपने खेत की मिट्टी के नमूने की जाँच करवा सकते है एवं उर्वरकों के प्रयोग के लिए आवश्यक सलाह भी प्रयोगशाला से प्राप्त कर सकतें है।

प्रधानमंत्री स्वाइल हैल्थ कार्ड योजनांतर्गत अप्रैल 2025 से अब तक जिले में 19 हजार 316 किसानों को मृदा कार्ड प्रदाय किए जा चुके हैं। विकासखंड वारासिवनी में 2558 नमूने की जांच कर 2426 मृदा कार्ड वितरित किए गए हैं। विकासखंड लालबर्रा में 2956 नमूने की जांच कर 2890 मृदा कार्ड, कटंगी में 2441 नमूने की जांच कर 2189 मृदा कार्ड, खैरलांजी में 2159 नमूने की जांच कर सभी 2159 मृदा कार्ड, किरनापुर में 2843 नमूने की जांच कर सभी 2843 मृदा कार्ड, लांजी में 2959 नमूने की जांच कर 2707 मृदा कार्ड, बैहर में 979 नमूने की जांच कर सभी 979 मृदा कार्ड, बिरसा में 2258 नमूने की जांच कर सभी 2258 मृदा कार्ड तथा विकासखंड परसवाड़ा में 1173 नमूने की जांच कर 1061 मृदा कार्ड का किसानों को वितरण किया गया है।

# सुहागिन महिलाओं ने किया पाठ



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट के अग्रसेन भवन परिसर में राणी सती दादी का मंगलपाठ आयोजित किया गया। इस अवसर पर मारवाड़ी समाज की सैकड़ों सुहागिन महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।

राणी सती को नारायणी देवी दादी के नाम से भी जाना जाता है। वे अपने पति की मृत्यु के बाद सती हो गई थीं। मारवाड़ी समाज हर वर्ष उनके सम्मान में मंगलपाठ का आयोजन करता है।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, नारायणी देवी का संबंध महाभारत काल से है। द्वापर युग में अभिमन्यु की वीरगति के बाद उनकी पत्नी उत्तरा ने सती होने की इच्छा व्यक्त की थी। भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें कलयुग में पुनर्जन्म का वरदान दिया। वही उत्तरा कलयुग में नारायणी देवी के रूप में जन्मीं।

नारायणी देवी ने बचपन में ही सभी वेदों का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। विवाह के बाद उनके पति की हत्या कर दी गई। इसके बाद वे अग्नि में सती हो गईं। अग्रवाल समाज के प्रतिनिधि हरीओम अग्रवाल के अनुसार, मंगलपाठ के बाद सभी को महाप्रसाद का वितरण किया गया।

# बालाघाट जिले के कालेजों में खनिजों के खनन और प्रोसेसिंग संकाय प्रारंभ करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी ने 23 अगस्त को भोपाल में मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा, आयुष व तकनीकी शिक्षा मंत्री न्दर सिंह परमार से लोकसभा क्षेत्र में शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों को लेकर सौजन्य भेंट की।

सांसद श्रीमती पारधी ने मंत्री श्री परमार से चर्चा के दौरान बताया कि बालाघाट जिला खनिज संपदा से परिपूर्ण होने के साथ साथ देश की बड़ी कंपनियां यहां कॉपर, मैंगनीज, डोलामाइट सहित अन्य खनिजों के खनन और उनकी प्रोसेसिंग का कार्य कर रही हैं। लेकिन इससे जुड़े संकाय और विषय जिले के शासकीय महाविद्यालयों में नही है । इसी परिप्रेक्ष्य उन्होंने मंत्री श्री परमार से संसदीय क्षेत्र के शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय बालाघाट में माईन एवं सर्वेइंग विभाग शुरू करने के लिए पत्र मंत्री जी को सौंपा। इसके अतिरिक्त उन्होंने शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में फिजिक्स, केमिस्ट्री, गणित, जूलॉजी, कंप्यूटर साइंस सहित 8 नए संकाय शुरू करने, स्नातक के लिए इतिहास, भूगोल एवं संस्कृत तथा स्नाकोत्तर के लिए अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल एवं संस्कृत विषय शुरू करने सहित लालबर्रा महाविद्यालय मे विभिन्न रिक्त सहायक प्राध्यापक के पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने के लिए मांगपत्र सौंपा। इस दौरान मंत्री श्री परमार ने सभी विषयों पर शीघ्र ही ठोस निर्णय लेने के लिए आश्वस्त किया।



# राजनीतिक थीम पर निकली मारबत:वोट चोर-गद्दी छोड़' और 'ट्रम्प धोखेबाज है' पर निकला जुलूस

**बालाघाट।** बालाघाट में पोला पर्व के दूसरे दिन रविवार को मारबत का त्योहार मनाया जा रहा है। इस साल मारबत की थीम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय लोकतांत्रिक मुद्दों पर आधारित थी।

बुढ़ी क्षेत्र से 'वोट चोर-गद्दी छोड़' थीम पर मारबत निकाली गई। ढीमरटोला क्षेत्र में 'ट्रम्प धोखेबाज है' विषय पर मारबत का जुलूस निकला। दोनों मारबतों का दहन भटेरा क्षेत्र की शहरी सीमा पर किया गया।



बालाघाट में दशकों से बुढ़ी और ढीमरटोला में यह परंपरा चली आ रही है। इस दौरान वार्ड के बुजुर्ग, युवा और बच्चे बाजे-गाजे के साथ मारबत को शहर में घुमाते हैं। लोग मारबत से बुराइयों को दूर ले जाने की मांग करते हैं।

कई घरों में मिट्टी की मारबत बनाकर बुराई के प्रतीक के रूप में उसका विसर्जन किया जाता है। पूर्व पार्षद कुंवरसिंह लाखा ने बताया कि मारबत की परंपरा सालों पुरानी है। समय के साथ इसका स्वरूप बदला है, लेकिन आज भी यह परंपरा जीवंत है।

## कृषि और पशुधन के संस्कार देने, राणा हनुमान सिंह ट्रस्ट ने करवाया आयोजन

# मुंदीवाड़ा में मनाया गया ताना पोला उत्सव

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बच्चों को खेती से जुड़ी पारंपरिक प्रथाओं और खेती में पशुधन के महत्व को बताने के लिए प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कटंगी शहर के मुंदीवाड़ा में राणा हनुमान सिंह ट्रस्ट के द्वारा ताना पोला का आयोजन करवाया गया. रविवार की शाम साढ़े 05 बजे मुंदीवाड़ा सहित आस-पास के ग्रामीण इलाकों के बच्चे मुंदीवाड़ा स्कूल परिसर में अपने-अपने मिट्टी और लकड़ी से बने खिलौने यानी पशुधन को लेकर पहुंचे. जहां नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती धर्मकला देशमुख, ट्रस्टी विजय सिंह सरस्वार, हेमंत राजपूत, मनोज चौहान, सुरजीत सिंह ठाकुर, पवन अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, प्रदीप मोर सहित स्थानीय जनों ने पशुधन की आकृति की पूजा अर्चना की. जिसके बाद ताना पोला में शामिल सभी बच्चों को उपहार भेंट किए गए. मुंदीवाड़ा में ट्रस्ट 2 दशक से यह आयोजन करवाते चला आ रहा है. इस ताना पोला को देखने के मिलए दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से लोग यहां पहुंचते है और मुंदीवाड़ा में आयोजित ताना पोला की तर्ज पर अब अन्य कई गांवों में



भी ताना पोला का आयोजन शुरू हो गया है. पोला पर्व के ठीक दूसरे दिन नारबोद के दिन ताना पोला मनाया जाता है।

ट्रस्टी विजय सिंह सरस्वार बताते है कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश में शुरू से ही पशुओं का बहुत अधिक महत्व रहा है. क्योंकि पशु न केवल कृषि कार्यों में मदद करते हैं, बल्कि खाद्य, आय और सामाजिक सुरक्षा का भी एक महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं. खेती-किसानी से लेकर आवागमन में पशुधन इंसानों का सहायक रहा है. किसान अपने खेत की जुताई से लेकर अंत में जब फसल पककरb तैयार होती थी तो गाहने और घर तक पहुंचाने में मददगार होते थे. जब वाहनों की सुविधा नहीं हुआ करती थी तब बैलगाड़ी आवागमन का प्रमुख साधन हुआ करती थी. पशु धन के इसी महत्व को बच्चों को बताने और उनमें पशु प्रेम, खेती के प्रति लगाव के लिए यह आयोजन करवाया जाता है।

मुंदीवाड़ा की तर्ज पर तिरोड़ी तहसील के ग्राम बोनकट्टा में भी रविवार को ताना पोला का आयोजन करवाया गया. गांव भर के बच्चे एक स्थान पर अपने खिलौने के साथ एकत्रित हुए जहां जनपद अध्यक्ष श्रीमती कविता अरविंद देशमुख, सरपंच भीमलता सुखदेव हाड़ंगे सहित गांव के अन्य प्रबुद्धजनों ने पशुधन की पूजा अर्चना कर बच्चों को उपहार बांटे और पशुओं का मानव समाज में क्या योगदान है इसकी जानकारी दी।

# महाविद्यालय में संस्कृत दिवस का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी के इंदिरा कक्ष में प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0 एस0 गेड़ाम के मार्गदर्शन एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी नरेन्द्र कुमार डोंगरे के नेतृत्व एवं प्रफुल्ल बिसेन अध्यक्ष जनभागीदारी समिति की अध्यक्षता में मंगलवार को संस्कृत दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में डॉ0 आर0 एन0 झारिया सहायक प्राध्यापक संस्कृत पीएमश्री एक्सिलेंस कॉलेज बालाघाट, शानू भिमटे विशिष्ठ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात डॉ0 आर0 एन0 झारिया ने अपना उद्बोधन संस्कृत के श्लोक 'काक चेष्टा बको ध्यानं श्वान निद्रा तथैव च। अल्पहारी गृहत्यागी विद्यार्थी पंच लक्षणम्॥ ' के साथ किया। जिसका अर्थ है - यह श्लोक विद्यार्थी के पांच गुणों को दर्शाता है। इसका अर्थ है, कौवे के समान चेष्टा, यानी हर समय कुछ नया सीखने की इच्छा और प्रयास। बगुले के समान ध्यान, यानी एकाग्रता और ध्यान। कुत्ते के समान नींद, यानी हल्की सी आहट में भी जाग जाने वाली सतर्कता। कम भोजन करने वाला यानी आवश्यकतानुसार ही भोजन करना। घर का त्याग करने वाला यानी सांसारिक मोह माया से दूर रहकर विद्या प्राप्ति में लगना। यह श्लोक बताता है कि एक विद्यार्थी को इन पांच गुणों को अपनाकर विद्या प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए।

इसके बाद शानू भिमटे द्वारा छात्र-छात्राओं को संस्कृत भाषा में कॅरियर मार्गदर्शन के बारे में जानकारी प्रदान की गई। संस्था के प्रभारी प्राचार्य श्री गेडाम द्वारा संस्कृत विषय को आगे बढ़ाने और विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा सीखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ0 तपेश चौरे ने संस्कृत के श्लोकों का वाचन कर उसकी हिंदी में व्याख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम अध्यक्ष व जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्कृत भाषा की प्रसिध्दि, समृद्धि पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह वह भाषा हैं, जिस भाषा में वेद, पुराण, संहिता की रचना हुई, यह हमारे लिए गर्व का विषय है।

### गायत्री शक्तिपीठ लांजी में 40 दिवसीय गायत्री अनुष्ठान पूर्णाहुति सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** गायत्री शक्तिपीठ लांजी में गुरु पूर्णिमा पर्व से प्रारंभ 40 दिवसीय गायत्री अनुष्ठान पूर्णाहुति सम्पन्न हुई। इस अवसर पर 24 अगस्त 2025 दिन रविवार को 1 कुंडीय गायत्री यज्ञ के साथ पूर्णाहुति की गई। इस कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टीगण, सक्रिय कार्यकर्ताओं (साधकों) की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर जन्म शताब्दी वर्ष 2026 के संदर्भ में भी चर्चा की गई। गायत्री शक्तिपीठ लांजी में आयोजित इस धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम का महत्व गायत्री साधना जाप और 1 कुंडीय गायत्री यज्ञ के साथ पूर्णाहुति के साथ समझा जा सकता है कि यह आयोजन न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व रखता है, बल्कि यह समाज में एकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का भी कार्य करता है।



NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त... स्वामी विवेकानन्द (प्रा.) आई.टी.आई.
रोजगार हेतु केम्पस प्लेसमेन्ट
Admission Open
न्यूनतम शुल्क
सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार
इलेक्ट्रिशियन
फिटर
मोती तालाब के पास, सुरभि नगर, बालाघाट, मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) AGRONOMY HORTICULTURE
ABM
PARAMEDICAL BPT I BMLT BHN I DMLT I DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA I MCA B.SC. I M.SC. DCA I PGDCA
COMMERCE •B.Com•M.Com
NURSING GNM I B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111